राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने बिहार के उप मुख्यमंत्री रहे श्री सुशील मोदी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

जयपुर, 13 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि उनका निधन राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति है। राजनीति में शुचिता से जुड़े मोदी ने सदा आदर्श जीवन मूल्यों को जिया।

राज्यपाल ने ईश्वर से उनकी पुण्यात्मा को शांति प्रदान करने और परिजनों को यह भारी दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।